हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 31 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की जा रही अनुपम पहल
3



## खबर संक्षेप

### जांजगीर में निशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन 4 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। डॉ लोकेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि यह मेगा कैंप शिविर 4 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक जांजगीर-चांपा व्यासनारायण कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा और यह आयोजन संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया जायेगा। ब्लड प्रेशर जांच,ईसीजी, टू डी ईको, यूरिन टेस्ट,ब्लड शुगर जांच,एच बी ए टी सी, बीबीसी टेस्ट,सीरम क्रिएटिनिन, कोलेस्ट्रॉल जांच ,ऑक्सीजन सैचुरेशन और बीएमआई, बी एम आई ,टीएमटी ट्रेड मिल टेस्ट इत्यादि जांच की सुविधाएं हैं। रविवार 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का लाभ उठाने की अपील की हैं।

### पामगढ में रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला का आयोजन 7 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल जी.एल.डी., स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के संविदा पद पर भर्ती आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें तिथि को संशोधित करते हुए आवेदन अब 15 जनवरी तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने कलेक्टर–एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत चंडीपारा में अवैध कच्ची शराब बिक्री से त्रस्त महिलाओं ने संगठित होकर इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चंडी महिलाशक्ति संगठन के नेतृत्व में करीब 50 से अधिक महिलाओं ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और अवैध शराब विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि गांव में अवैध कच्ची शराब की बिक्री से पारिवारिक शांति भंग हो रही है, घरेलू हिंसा और सामाजिक अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, जिससे बच्चों और युवाओं पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए प्रशासन से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। अवैध शराब विक्रेताओं से भी गैरकानूनी कारोबार छोड़कर गांव की शांति और सम्मान बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

### बोड़सरा में अवैध धान मिलने तो कोसमंदा में टोकन काटने में मनमानी पर कार्रवाई

# धान खरीदी में गड़बड़ी, तीन दिन में चार कर्मचारियों को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान खरीदी के कार्य में तेजी आने के साथ ही इस कार्य से जुडे कर्मचारियों की गड़बड़ी भी सामने आने लगी है। कही टोकन काटने के नाम पर मनमानी की जा रही है तो कही फर्जी धान खपाने की भी तैयारी हो रही है। बोड़सरा और कोसमंदा धान खरीदी केन्द्र में कुछ इसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर 4 कर्मचारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है। जिले में धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 25 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में शुरूआती दिनों में धान खरीदी की आवक काफी धीमी रही। धान खरीदी शुरू होने के पहले पखवाड़े तक सभी केन्द्रों में बोहनी तक नहीं हो सकी थी। दिसंबर माह की शुरूआत के साथ धान खरीदी के कार्य में गति आई। धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। अब जिले में तेजी से धान खरीदी हो रही है। खरीदी की रफ्तार बढ़ने के साथ ही गड़बड़ी भी सामने आने लगी है। समितियों में जहां अधिक तौल की शिकायत आ रही है, वहीं किसानों का टोकन काटने के नाम पर मनमानी की जा रही है। इसके अलावा कुछ जगहों से फर्जी धान खपाने की शिकायतें भी सामने आने लगी है। ऐसा ही एक मामला बोड़सरा धान खरीदी केन्द्र में सामने आया। गुरूवार 25 दिसंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे व एसपी विजय पाण्डेय ने इस क्षेत्र के कुछ केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बोड़सरा धान खरीदी केन्द्र में 98 बोरी में रखा अवैध धान मिला। इस धान की ना तो किसी प्रकार की एंट्री थी और ना ही टोकन कटा था। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर विभाग ने केन्द्र प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले में केन्द्र प्रभारी श्रीहरि यादव और कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार तिवारी के साथ ही समिति में अवैध धान लाने वाले चौकीदार निरंजन साहू को पद से पृथक करने की कार्रवाई की है। इसी तरह धान खरीदी केन्द्र कोसमंदा में मनमाने तरीके से कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा टोकन काटने की शिकायत हुई थी। शिकायत की जांच के बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर छबिलाल मन्नेवार की मनमानी और टोकन काटने में गड़बड़ी पाए जाने पर बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है।



#### कटौद में अवैध धान भंडारण पर की गई कार्रवाई



राजस्व विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कटौद में अवैध धान भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने पहारु ट्रेडर्स के परिसर से 50 कट्टी तथा कश्यप ट्रेडर्स से 60 कट्टी, कुल 110 कट्टी धान का अवैध भंडारण पाए जाने पर मौके पर ही जब्ती की कार्रवाई की गई है। धान खरीदी में तेजी आते ही कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के अवैध भंडारण, कोचिया - बिचौलिया गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सतत निगरानी, आकस्मिक निरीक्षण तथा कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

#### की गई कार्रवाई

बोड़सरा और कोसमंदा समिति में जो खामियां मिली। सेवा सहकारी समिति के प्रस्ताव के अनुसार कर्मचारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है। सभी को नियमानुसार काम करने की चेतावनी दी गई है। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**-मंजू पाण्डेय**
उप आयुक्त, सहकारी संस्थाएं

# दूसरे दिन भी हड़ताल में डटे रहे अधिकारी-कर्मचारी

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे प्रदर्शन



हडताल के चलते सरकारी दफ्तर में खाली पड़ी कुर्सी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी 29 दिसंबर से तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए है। हड़ताल दूसरे दिन 30 दिसंबर को भी जारी रही। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हडताल से सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप रहा। वहीं शिक्षकों के भी हड़ताल पर रहने से स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो सकी।

सोमवार 29 दिसंबर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोलते हुए तीन दिवसीय हडताल का आगाज किया। जिलेभर के अधिकारी-कर्मचारी जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक स्थित सी मार्ट परिसर में एकजुट हुए। यहां फेडरेशन के बैनर तले उन्होंने अपनी मांगों को लेकर दिनभर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की हड़ताल 30 दिसंबर को दूसरे दिन भी जारी रही। इसके चलते जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय, लोक स्वास्थ्य ग्रामीण यांत्रिकी सहित सभी शासकीय कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। इधर अधिकांश स्कूलों में ताला तक नहीं खुला, जो स्कूल खुले वहां भी पढ़ाई नहीं हो सकी। उल्लेखनीय है कि अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन द्वारा केन्द्र सरकार के समान महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स, जीएफ खाते में समयोजन की मांग, कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतन, विभिन्न संवर्गों की वेतनमान विसंगति को दूर करने, पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, सभी विभागों में सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने, केशलेस सुविधा करने, अनुकंपा नियुक्ति नियम में 10 प्रतिशत सिलिंग शिथिलिकरण एवं प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवागणना व पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

# ठंड बढने के साथ ही जिला अस्पताल में पहुंच रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- मौसम में वायरल इंफेक्शन के चलते लोगों की बढ़ रही परेशानी



जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंचे मरीज।

ठंड बढ़ते ही जिला अस्पताल जांजगीर में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिले के सरकारी अस्पताल से लेकर ब्लाक के सीएचसी सहित अन्य अस्पतालों में खासकर सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं। अस्पताल में जांच के बाद मरीजों को दवा उपलब्ध करायी जा रही है परंतु कुछ मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में भर्ती होने की सुविधाएं नहीं है। दवा की किल्लत हमेशा बनी रहती है. ज्यादातर दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है।

मौसम साफ होने के चलते कई दिनों से बढ़ रही ठंड के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। खासकर बीपी और शूगर से पीड़ति मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बुजुर्ग और बच्चों को ठंड से बचाना ज्यादा जरूरी है.ठंड बढ़ते ही जिले में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ठंड की चपेट में बुजुर्ग, युवा और बच्चे भी आ रहे हैं। खासकर अस्थमा रोग से ग्रसित मरीजों को इस मौसम में परेशानी बढ़ गई है। जिला अस्पताल में ठंड से पीड़ति मरीजों की संख्या बढ़ते देख अस्पताल प्रशासन ने भी पर्याप्त तैयारी कर ली है। इसे लेकर आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में मंगाई गई है। किसी मरीज की जान ठंड के कारण न जाए इसे लेकर अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सजग हो गया है। लोगों को ठंड से बचाव के परामर्श भी दिए जा रहे हैं। उन्हें इससे बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधक द्वारा अन्य रोगों से ग्रसित मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी ठंड से सचेत रहने तथा इससे बचने के घरेलू नुक्खे बताए जा रहे हैं। ठंड के इस मौसम में वायरल इंफेक्शन की बीमारी भी बढ़ गई है। इसे लेकर अस्पताल में बी काम्प्लेक्स की पर्याप्त डोज उपलब्ध कराई गई है। इस बीमारी से पीड़ति लोगों को इसकी खुराक दी जा रही है। साथ ही साथ लोगों को इस बीमारियों से बचने के लिए हरे साग सब्जी का अधिक से अधिक सेवन करने का सलाह दिया जा रहा है। लोगों को गर्म दूध में हल्दी मिलाकर सेवन करने, मसालेदार खाने से बचने और बाहर निकलते समय शरीर को पूरा ढंक लेने का परामर्श दिया जा रहा है। लोगों को यह भी संदेश दिया जा रहा है कि जो लोग नियमित रूप से सुबह भ्रमण करते थे वे ठंड कम होने तक इससे परहेज करें। अस्पताल इस भीषण ठंड को देखते हुए लोगों को इस मौसम में देखरेख करने के तरीके बताए जा रहे हैं। इधर बढते ठंड को देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। खासकर ठंड के दिनों में छोटे बच्चे एवं बुजुर्गो को सर्वाधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही दमा व श्वांस के मरीजों की परेशानी और भी बढ गई है। मौसम के बढ़ते प्रतिकूल के चलते जिला अस्पताल में बेड तक नहीं मिल पा रहे है।

## परेशानी...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के सब्जी मार्केट के सामने बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। जिम्मेदार पालिका प्रशासन को इससे कोई सरोकार नहीं है।

### बिर्रा में डीडब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत मां चंडी दाई की धरा ग्राम पंचायत बिर्रा में पुलिस थाना के सामने खेल मैदान में डी डब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी दिन मंगलवार को शुभारंभ किया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 501रूपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001रुपए एवं ट्रॉफी ,द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए में ट्रॉफी और तृतीय पुरस्कार 2501 रुपए एवं ट्रॉफी पुरस्कार दिया जाएगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक ढीमर मोहल्ला बिर्रा के सदस्यों द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ग्राम बिर्रा में पुलिस थाना के सामने खेल मैदान में डी डब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी को शुभारंभ किया जाएगा।

# धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

धारदार हथियार से युवक पर जान लेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना अंतर्गत ग्राम बहेराडीह का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहेराडीह निवासी मंगलुराम यादव ने 29 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शाम करीबन 4:30 बजे घर से तालाब की ओर दिशा मैदान करने गया था, जो वापस आते समय पड़ोस के ओमप्रकाश यादव से मिला ओम प्रकाश यादव अपने गाय को ढूंढने घर से निकला थ। आरोपी ओम प्रकाश यादव द्वारा गाली गलौज करने लगा और अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी की हत्या करने की नीयत से गले पर प्राण घातक हमला कर दिया। इस दौरान ओम प्रकाश यादव मौके से भाग गया। थाना चांपा में तत्काल हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना चापा से एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर गुमराह करते रहे परंतु बारीकी से पूछताछ करने पर सभी आरोपी ने प्रार्थी मंगलू राम यादव के साथ चाकू से प्राण घातक हमला करना स्वीकार किया आरोपी ओम प्रकाश यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चापा, सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, आरक्षक शंकर राजपूत, आकाश कलोसिया, भूपेंद्र गोस्वामी, गौरी शंकर रॉय का विशेष योगदान रहा।

### स्टंट एवं हुडदंग करने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

# नववर्ष को लेकर धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में होगी पुलिस बलों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



देवरी पिकनिक स्पॉट।

नववर्ष को लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। इस दौरान हुडदंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में नव वर्ष की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 31 दिसंबर की शाम से ही जिले के सभी प्रमुख स्थानों, बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती जावेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है तथा निरंतर गश्त की व्यवस्था की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की गई है एवं आवश्यकतानुसार मार्ग परिवर्तन लागू किए जाएंगे। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति, स्टंट एवं हुड़दंग करने वालों तथा डीजे बजाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जावेगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस बल एवं रिस्पॉन्स टीमों की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम एवं डायल 112 को सक्रिय रखा गया है।पुलिस प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या कंट्रोल रूम में जानकारी देवे। पुलिस ने कहा कि नशे में वाहन न चलाएं, तेज रफ्तार या स्टंटबाजी न करें, हुल्लड़बाजी, झगड़ा या सार्वजनिक शांति भंग न करें, अवैध हथियार, पटाखे या खतरनाक सामग्री का प्रयोग न करे, सार्वजनिक स्थानों पर अशोभनीय व्यवहार न करें, ध्वनि प्रदूषण फैलाने से बचें तेज डीजे व हॉर्न ना लगाए। नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नववर्ष त्यौहार को लेकर 31 दिसंबर से ही चौक चौराहों में विशेष नजर रखी जाएगी।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जर्जर लोगों को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव



जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में निर्मित सड़क आज अपनी बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार बीते लगभग पांच वर्षों में इस सड़क की कई बार मरम्मत कराई गई, लेकिन हर बार मरम्मत के कुछ ही महीनों बाद सड़क फिर से उखड़ जाती है। वर्तमान में सड़क पर डामरीकरण कई स्थानों से पूरी तरह निकल चुका है और गिट्टियां बिखर गई हैं। इस सड़क से रोजाना स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों और आम ग्रामीणों का आना-जाना होता है। गड्ढों और उखड़ी गिट्टियों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है।

## खबर संक्षेप



### उमरेली में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**मड़वारानी।** जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरेली में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक विश्राम कंवर के करकमलों से किया गया। अटल डिजिटल सेवा केंद्र से ग्रामवासियों को कई प्रकार की डिजिटल ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की जाएगी। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक विश्राम कंवर ने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र से ग्रामवासियों को काफी लाभ होगा और गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत उमरेली सरपंच श्रीमती सुक बाई कंवर, उपसरपंच श्रीमती शारदा संजू देवांगन, शत्रुघन देवांगन, ग्राम पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जनदर्शन में करण और मीना को मिला व्हीलचेयर



**कोरबा।** कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता रही है। इसी क्रम में आज कलेक्टर जनदर्शन के दौरान ग्राम पोटापानी, जनपद पंचायत पाली के निवासी करण श्रीवास एवं मीना श्रीवास द्वारा व्हीलचेयर की मांग प्रस्तुत की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर के समक्ष अपनी आवश्यकता रखते ही मामले पर तत्काल संज्ञान लिया गया। समाज कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई और जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग तथा अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, सयुंक्त कलेक्टर ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज की उपस्थिति में दोनों हितग्राहियों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आमनागरिको की समस्याओं को सुना गया।

### जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन युवाओं ने दिखाया दमखम



**कोरबा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्ध मेरा युवा भारत कोरबा द्वारा जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनेश चंद्र यादव के निर्देशन में 27 एवं 28 दिसंबर को विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, सीएसईबी कोरबा परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, गोला फेंक एवं 800 मीटर दौड़, जबकि महिला वर्ग में रस्साकसी, गोला फेंक एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लॉकों से चयनित विजेता प्रतिभागियों ने अपने-अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया। कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोड़ी ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग की रस्साकसी प्रतियोगिता में पोड़ी ब्लॉक की टीम विजेता और करतला ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। अन्य प्रतियोगिताओं में भी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### सुशासन सप्ताह शिविर में हो रहा समस्याओं का निराकरण

**मड़वारानी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर प्रशासन गांव की ओर योजना के तहत सरकार ने इस सप्ताह की सुशासन सप्ताह के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। इस योजना के तहत जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज ग्राम पुरैना में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्या सुनी और समस्या का समाधान किया गया। इस शिविर में 101 आवेदन प्राप्त हुआ था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अशोका कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला उपस्थित रहे। शिविर में राजस्व, खाद्य, जनपद, महिला एवं महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा जानकारी शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ वैभव कौशिक, बीईओ संदीप पाण्डेय, नायब तहसीलदार मनोज झा,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, अजय कंवर भाजपा जिला मंत्री आदि उपस्थित थे।

# नए साल के पहले महीने में भी नहीं शुरु हो सकेगा रेडी टू इट का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नये साल के पहले महीने में भी रेडी टू इट का उत्पादन जिले के किसी भी परियोजना में शुरु नहीं हो पाएगा। पूर्व में यह जानकारी सामने आयी थी कि जनवरी में उत्पादन का काम शुरु कर दिया जाएगा किंतु अब तक उत्पादन की यूनिट बैठाने में ही लंबा समय लग रहा है। साथ ही फूड सैंपल और लाइसेंस लेने में भी समूहों को लंबी प्रक्रिया का पालन करना पड़ रहा है।

रेडी टू इट के उत्पादन के लिए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा समूहों से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया मई महीने में शुरु की गई थी। जो पूरा होने में तीन महीने का लंबा समय लग गया। सितंबर महीने में समूहों का चयन कर उन्हें परियोजना का काम भी आबंटित किया गया। उसके बाद जिन समूहों को काम दिया गया था उन समूहों के द्वारा रेडी टू इट के लिए खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेने के साथ पुणे (महाराष्ट्र) के लैब से अपने सैंपल पास कराने की लंबी प्रक्रिया का पालन करना पड़ा। इन दोनों प्रक्रियाओं में समूह को जितना समय लगा उससे ज्यादा समय चयनित समूहों को अपने परियोजना क्षेत्र में उत्पादन यूनिट बैठाने में लग रहा है। 10 परियोजना में चयनित समूह के द्वारा उत्पादन के लिए यूनिट लगाया जाना है। इनमें कोरबा शहरी और ग्रामीण के लिए पंपहाउस के अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क की जगह का चयन किया गया है। इसके अलावा अन्य परियोजना कार्यालयों में भी इसी तरह की यूनिट बैठायी जानी है जिस पर अभी भी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा कार्य किया जा रहा है। इन सब प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण नए साल के जनवरी महीने में किसी भी परियोजना कार्यालय से रेडी टू इट का उत्पादन संभव नहीं लगता। इस बात को विभाग भी स्वीकार कर रहा है।

## लाइसेंस और सैंपल स्वीकृति की प्रक्रिया में लगा लंबा समय

**खास बातें**

- विकास खंड मुख्यालय में मशीन की यूनिट बैठाने का चल रहा है काम




### यूनिट में 25 लाख का खर्च

परियोजना क्षेत्र में महिला समूहों के द्वारा रेडी टू इट उत्पादन के लिए जो यूनिट बैठायी जा रही है उसकी लागत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। यही कारण है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने वाले महिला समूह को ही काम दिया गया है। जिनमें जिले की महिला समूह की संख्या कम बताई गई है हालांकि उत्पादन का काम जिले के महिला समूह को ही दिया जाएगा। जिनके द्वारा मिनी प्लांट में कार्य कर उत्पादन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल का दिखा असर

# दफ्तर में सन्नाटा, स्कूल में पढ़ाई ठप, 54 सौ शिक्षक रहे अवकाश पर



काम के लिए कलेक्टोरेट आए भटकते पक्षकार।



कलेक्टोरेट के गलियारों में पसरा सन्नाटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

11 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से शुरु हुई अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से सरकारी दफ्तरों मे कहीं ताला लटका रहा तो कहीं सन्नाटा पसरा रहा। वहीं 54 सौ शिक्षकों के अवकाश पर जाने से स्कूलों की पढ़ाई भी ठप रही। मानदेय शिक्षकों भरोसे तीन दिन चलेगी शिक्षा व्यवस्था। मध्यान्ह भोजन कर वापस लौटे बच्चे।

**खास बात**

- आईटीआई चौक में फेडरेशन ने शुरू किया तीन दिवसीय धरना

तीन दिवसीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल का सोमवार पहला दिन था और पहले दिन ही हड़ताल का व्यापक असर जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में नजर आया। 29 से 31 दिसंबर तक चलने वाली हड़ताल के संबंध में बीते महीने ही अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने रणनीति तैयार करते हुए इसकी सूचना शासन को एक माह पूर्व ही अवगत करा दिया था। नियत तिथि आते ही फेडरेशन के पदाधिकारी सक्रिय हो गए। सोमवार को सुबह 11 बजे से हमेशा की भांति खुलने वाले सरकारी दफ्तर नहीं खुले। केवल कार्यपालक और अनुविभागीय दण्डाधिकारी सहित अपर कलेक्टर सहित जिला पंचायत सीईओ अपने दफ्तरों में बैठे नजर आए। अन्य अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे। शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय निर्वाचन विभाग, नापतौल विभाग सहित अन्य जरुरी दफ्तरों में ताला लटका नजर आया। महिला बाल विकास विभाग में कुछ कर्मचारी काम करते नजर आए। हड़ताल का असर ऐसा रहा कि जिले के 54 सौ शिक्षकों ने हड़ताल पर शामिल होने के लिए सामूहिक अवकाश पर जाने का आवेदन पत्र शुक्रवार को ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को सौंप दिया था। परिणाम स्वरुप सोमवार को जब स्कूल खुला तो शिक्षक नजर नहीं आए। केवल मानदेय शिक्षक और मानदेय भृत्य ही स्कूलों में मौजूद थे। कुछ स्कूलों में मानदेय शिक्षकों ने स्कूल की व्यवस्था संभाली और पूरे समय बच्चों को पढ़ाने का काम किया। वहीं दूसरी ओर जिन स्कूलों में मानदेय शिक्षक पदस्थ नहीं थे वहां बच्चे मध्यान्ह भोजन खाने के बाद वापस लौट आए। कलेक्टोरेट में अपने काम से पहुंचने वाले कुछ लोग भटकते नजर आए।



धरनास्थल में बैठे फेडरेशन के सदस्य।

### मिसल की नकल के लिए भटकते रहे लोग

हड़ताल का असर सबसे ज्यादा शिक्षा व्यवस्था और राजस्व कार्यों में नजर आया। जहां आम लोग प्रभावित नजर आए। जिला मुख्यालय की नकल शाखा के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ताला लटका रहा। इससे उन पक्षकारों को बैरंग लौटना पड़ा जो जमीन के मिसल की नकल लेने हेतु ग्रामीण अंचल से कलेक्टोरेट पहुंचे हुए थे। वहीं तहसील शाखा में तहसीलदार, नायब तहसीलदार दफ्तरों में बैठे हुए थे तो वहीं दूसरी ओर राजस्व कार्यों की रीढ़ समझा जाने वाला मैदानी अमला पटवारी भी हड़ताल पर रहे।

## विश्व मित्र अकेडमी की चंचल और शिवरात्रि का क्रिकेट प्रतियोगिता भुवनेश्वर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा स्थित विश्व मित्र क्रिकेट अकादमी ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की टीम से ईस्ट जोन टूर्नामेंट खेलने हेतु विश्व अकादमी कटघोरा की दो होनहार महिला क्रिकेट खिलाड़ियों में चंचल और शिवरात्रि का चयन आगामी क्रिकेट प्रशिक्षण/प्_रतियोगिता हेतु भुवनेश्वर के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी इन दिनों अकादमी में कोच विशाल दुबे के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कड़ा प्रशिक्षण ले रही हैं।




चयनित खिलाड़ी

चंचल और शिवरात्रि ने अपने अनुशासन, निरंतर अभ्यास और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है दोनों खिलाड़ी 30 दिसम्बर को बिलासपुर दल के साथ भुवनेश्वर के लिए रवाना होंगे चयन की खबर मिलते ही अकादमी परिसर सहित पूरे खेल जगत में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया। स्थानीय खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं खिलाड़ियों ने इसे कटघोरा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है। कोच विशाल दुबे ने इस अवसर पर कहा कि अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण व कस्बाई प्रतिभाओं को सही मंच देना है। उन्होंने बताया कि चंचल और शिवरात्रि शुरू से ही मेहनती रही हैं और कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अभ्यास नहीं छोड़ा कोच के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों में आगे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की पूरी क्षमता है। सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से वे निश्चित ही बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी वर्तमान में शारीरिक प्रशिक्षण हेतु पेंड्रा महाविद्यालय व शिवरात्रि जय बूढा देव कालेज की छात्रा है ।

### शराब भट्टी के आहते में एसईसीएल कर्मी का मिला शव

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत देशी अंग्रेजी शराब भट्टी के पास बने आहते में सोमवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कृष्ण कुमार निराला (उम्र 55 वर्ष) के रूप में की गई है जो एसईसीएल कर्मी थे और ऊर्जा नगर कॉलोनी के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कृष्ण कुमार निराला सोमवार की सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच शराब लेकर भट्टी परिसर स्थित आहते में पहुंचा था जहां उसने शराब पीया। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने शराब तो पी थी, लेकिन मौत का स्पष्ट कारण समझ में नहीं आ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक

### पुरैना में मनाया गया गौरा गौरी उत्सव


**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत पुरैना मड़वारानी में गौरा गौरी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति लक्ष्मीन बाई कंवर जनपद सदस्य उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उपसरपंच सुरेश साहू, कृष्ण कुमार बिंझवार, सरपंच पुरैना, भीम राजपूत, उपसरपंच, दिलीप कंवर, बढ़ाई बुडगा, सतीश चौहान, बाबूलाल चौहान एवं समस्त पंचायत के ग्रामवासियों और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

## दीपका विस्तार से प्रभावित ग्राम नवापारा, कटकीडभरी का मामला

# रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्राम नवापारा, कटकीडभरी के भूविस्थापित ग्रामीण सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर गांव की जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक को हटाने की मांग करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के इस आदेश से जमीन के फौती बंटवारा व नामांतरण के कार्य नहीं होने से पारिवारिक समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवार ऐसे हैं जिनकी एक ही पर्ची है और उसमें कई खातेदार हैं लेकिन खाता बंटवारा नहीं होने के कारण परिवार में मुआवजा व नौकरी को लेकर समस्या खड़ी हो रही है।



कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते प्रभावित ग्रामीण।

ग्रामीणों ने बताया कि दीपका तहसील से लगे ग्राम कटकीडभरी, नवापारा की जमीनों का फौती बंटवारा नहीं हो पा रहा है कई भूविस्थापित ऐसे हैं जिनका भूमि बंटवारा भी लंबित है। ऋण पुस्तिका में नए खातेदारों के नाम नहीं चढ़े हैं और प्रशासन के द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण पूर्णतः रोक दिया गया है। प्रशासन के इस कार्य से किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कटकी डभरी की 32.762 हेक्टेयर एवं नवापारा की 12.930 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से गुजर रही है जो आंशिक अधिग्रहण के दायरे में आता है किंतु रोक लगाए जाने से आंशिक अधिग्रहण के दायरे से बाहर रहने वाली भूमि का भी रिकार्ड सुधार नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन के द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण में लगाई गई रोक को हटाई जाए ताकि जमीन के रिकार्ड सुधार को लेकर आ रही समस्या का निराकरण हो सके।



## खबर संक्षेप

### कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 31 छात्राओं को वितरित किया गया साइकिल



**तालदेवरी।** छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरूवात की गई है। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्राओं को सरपंच श्रीमती सीमा सोनवानी, पंच परस राम दिवाकर, शुकलाल सोनवानी, संकुल प्राचार्या श्रीमती पापिआ चक्रवर्ती, संकुल समन्वयक ललित राम मनहर एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में 31 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है। सरकार द्वारा सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित करती है, ताकि उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा हो। साथ ही शिक्षा को बढ़ावा मिले और स्कूल छोड़ने की दर कम हो सके। छात्राओं को मुफ्त साइकिल मिलने से समय की बचत होती है, जिससे वे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाती हैं। साथ ही समय पर स्कूल पहुंचती है।


### किकिरदा में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता आज

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में जय बजरंग युवा डांस उत्सव समिति किकिरदा के तत्वाधान में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 31 दिसंबर रात्रि 8 बजे से रखा गया है। जय बजरंग युवा डांस उत्सव समिति किकिरदा के अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्रा एवं सचिव कुशत राम चंद्रा ने बताया कि नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता में ग्रुप डांस, युगल डांस और एकल डांस अलग-अलग तीन विधाओं में रखा गया है। और तीनों विधाओं में आकर्षक पुरस्कार इनाम स्वरूप दिया जाएगा। ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 15000 रुपए एवं शील्ड दिया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए एवं शील्ड , तृतीय पुरस्कार 8000 रुपए एवं शील्ड ,चतुर्थ पुरस्कार 6000 रुपए एवं शील्ड ,पंचम पुरस्कार 4000 रुपए एवं शील्ड , षष्ठम पुरस्कार 2000 रुपए एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसी तरह युगल डांस एवं एकल डांस में भी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार की राशि एवं शील्ड दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती द्रौपती कीर्तन चंद्रा अध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती होगी। अध्यक्षता श्रीमती राजेश्वरी कुशत चंद्रा जनपद सदस्य जनपद पंचायत जैजैपुर करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गोमती श्याम मांझी सरपंच ग्राम पंचायत किकिरदा, सुश्री सुशीला सिंहा सदस्य जिला पंचायत सक्ती, श्रीमती पुष्पा परदेसी खूंटे अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर, शत्रुघन यादव अध्यक्ष भाजपा मंडल हसौद, राजकुमार कश्यप महामंत्री भाजपा मंडल हसौद उपस्थित रहेंगे। आयोजन की जय बजरंग युवा डांस उत्सव समिति एवं ग्राम वासियों के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण 7 से

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला में बुधवार 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे से संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ जल भरण ,कलश यात्रा, शोभा यात्रा के साथ माता परमेश्वरी मूर्ति की स्थापना से किया जाएगा। इस संबंध में देवांगन समाज बिर्रा के सक्रिय सदस्य मूलचंद देवांगन ने बताया कि माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ 7 जनवरी को किया जाएगा। प्रत्येक दिन शाम को 7 बजे महाआरती होगा और रात्रि 8 बजे के बाद महा भंडारा का कार्यक्रम प्रत्येक दिवस होगा। व्यास आचार्य कथा वाचक किशन राव जी महाराज चांपा वाले होंगे। कार्यक्रम का समापन 14 जनवरी बुधवार को होगा। देवांगन समाज बिर्रा के पदाधिकारीयों ने सभी से उपस्थित होने अपील किया है।

### विधि विधान से हुआ 101 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक



**जांजगीर-चांपा।** श्री चंद्रपुरिहा कसौधन वैश्य समाज सप्तगढ द्वारा 28 दिसंबर को रतनपुर के महा सरस्वती अतिथि निवास में महा रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया गया। सप्तगढ के इस महा रुद्राभिषेक में पंडित घनश्याम प्रसाद दुबे व उनके सहयोगी आचार्याओं द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें 101 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक पूरे विधि विधान के साथ किया गया। सप्तगढ के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ इस यज्ञ में शिरकत किया। सप्तगढ समिति के निर्णय अनुसार पुरुष वर्ग पीला व सफेद का कुर्ता तथा महिला वर्ग पीला व लाल रंग की साड़ियां पहनकर आई हुई थी। सभी यजमानो ने बड़ी तन्मयता के साथ रुद्राभिषेक किया। पूजा पूर्ण होने के बाद बैंड बाजे के साथ सभी यजमानो ने झुमते नाचते हुए विसर्जन किया। एक दिवसीय इस माहायज्ञ में रतनपुर गढ़ की महिलाओं व पुरुषों का सराहनीय सहयोग रहा। महिलाओं ने यज्ञ के समय रुद्राभिषेक में बैठे यजमान को पूजा सामग्री, बैठक की व्यवस्था रकती रही वहीं पुरुषों द्वारा भोजन, पंजीयन, बैठक व्यवस्था को संभालते हुए नजर आए।

---

भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय व्याख्यान व संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित

# भारत की आत्मा के आवाज थे अटल : सवन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जांजगीर-चांपा विधानसभा के प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी।

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चाम्पा विधानसभा का मंगलवार 30 दिसम्बर को जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में छ.ग. राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति वर्ष में विधानसभा स्तरीय व्याख्यान व संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने पितृपुरुषो के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि भारत रत्न अटल की वाणी में मर्यादा और संकल्प मे अटल यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी के संपूर्ण व्यक्तित्व का सार है। उनकी वाणी में सदैव शालीनता, संयम और गरिमा झलकती थी। वे विरोधियों से भी कटु शब्दों का प्रयोग नहीं करते थे। संसद हो या जनसभा, उनके शब्द न तो किसी को ठेस पहुंचाते थे और न ही मर्यादा की सीमा लांघते थे। असहमति में भी सम्मान बनाए रखना उनकी विशेषता थी। वे शब्दों से संवाद करते थे, संघर्ष नहीं। यही कारण था कि उनके विचार विरोधियों को भी सोचने पर विवश कर देते थे। राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में वे कभी डगमगाए नहीं। पोखरण परमाणु परीक्षण हो या सुशासन की दिशा में लिए गए कठोर निर्णय—उनका संकल्प अडिग रहा। क्रेडा अध्यक्ष व जांजगीर चाम्पा विधानसभा के प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की आत्मा की आवाज थे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी। उन्होंने कहा कि अटल जी के विचारों में भारत की सभ्यता बोलती थी, उनके शब्दों में लोकतंत्र की मर्यादा झलकती थी और उनके कर्मों में राष्ट्रसेवा की निष्ठा दिखाई देती थी। वे ऐसे नेता थे जो सत्ता में रहते हुए भी विनम्र रहे। अटल जी ने राजनीति को टकराव नहीं, संवाद का माध्यम बनाया इसलिए वे केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि आम जनता के भारत की आत्मा की आवाज़ थे। आज पुरा राष्ट्र अटल जी की जयंती उत्सव के रुप मे मना रहे है। 1999 का कारगिल युद्ध मे हमारे देश के सेना के जवानों ने दुश्मनो को परास्त कर उनके नेतृत्व मे हमने प्राप्त किया। इस देश मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की बड़ी देन अटल बिहारी वाजपेई जी की ही थी। इस देश मे सर्व शिक्षा अभियान को गति देने का काम अटल जी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही संचार क्रांति को बढ़ावा देकर घर बैठे मोबाइल में आज हम देश विदेश बात कर रहे है ये अटल जी की देन है। छग राज्य का निर्माण अटल जी ने अपने कार्यकाल मे किया। आज हमारा प्रदेश अग्रणी राज्य मे गिना जाता है उसकी देन अटल जी है उनके नाम से हमारे प्रदेश में जनकल्याण की अनेको योजनाए चल रही है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अटल स्मृति जांजगीर चाम्पा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन मे कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि अटल जी इस देश के एकमात्र ऐसे अच्छे प्रशासक थे जिन्होंने इस देश को सुशासन की सरकार देने का काम किया। गठबंधन की सरकार कैसे चलाई जाती है उन्होंने पुरे देश को बताया और सिखाया अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार सुशासन का प्रतीक थी अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल भारतीय लोकतंत्र में सुशासन का स्वर्णिम अध्याय माना जाता है। अटल जी के लिए सत्ता साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम थी। अटल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्री चंदेल ने कहा कि अटल बहुत ही सामान्य परिवार से थे। देश की स्वतंत्रता के लिए विभिन्न आन्दोलन मे हिस्सा लिया जेल गए। सम्मेलन में व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कार्तिकेशवर स्वर्णकार, नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, रेखा गढ़ेवाल, अमर सुल्तानिया, नंदनी रजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, लक्ष्मी देवांगन, विकास शर्मा, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, संतोषी दुबे, प्रदीप शराफ, अनिल शर्मा, कमल देवांगन, अमरनाथ सोनी, सनत पांडेय, मोहन यादव, रवि पांडेय, राकेश रुपवानी, हितेश यादव, संतोष थवाईत, ध्वजाराम साहू, समर्थ सिंह, प्रियंका सिंह, उमा सोनी, डा धनेशवरी जाग्रति, प्रेमशंकर थवाईत, संजीता माली, दुलौरिन चौरसिया, भूपेन्द्र साहु प्रदीप सोनी, रितेश अग्रवाल, अनुराग तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---



## लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की जा रही अनुपम पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- छेरछेरा के अवसर पर डंडा नाच के माध्यम से कर प्रचार-प्रचार

कोटमीसोनार में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए क्षेत्र के युवक युवतियों के द्वारा अनुपम पहल की जा रही है। लोक पर्व छेरछेरा के अवसर पर किए जाने वाले डंडा नाच को क्षेत्र के युवक एवं युवतियों के द्वारा एक साथ मिलकर युगल स्वरूप में प्रस्तुत करते हुए लोक संस्कृति के क्षेत्र में नवाचार कर आकर्षक बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक प्रसार किया जा रहा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और लोकनृत्यों के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां के पारंपरिक लोकनृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। इन्हीं लोकनृत्यों में से एक डंडा नाच छत्तीसगढ़ की जनजीवन से गहराई से जुड़ा हुआ नृत्य है। डंडा नाच की परंपरा पुष्य माह में पुष्य पुन्नी अर्थात छेड़छेरा पर्व तक निरंतर निभाई जाती है। इस अवधि में गांव-गांव में युवक-युवतियां पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मंदार झांझ की थाप पर डंडा नाच करते हैं और लोकगीतों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं। वर्तमान समय में जहां एक ओर आधुनिकता के प्रभाव से पारंपरिक लोक नृत्य एवं गायन में कमी दिखाई दे रही है, वहीं पाराघाट के युवाओं ने कोटमी सोनार में लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय पहल है। यहां लड़के और लड़कियों ने एक साथ युगल डंडा नाच प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक समावेशन की मिसाल कायम की।

---

## वीर सपूतों की शहादत से देश प्रेम और समर्पण की भावना को करें आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



बलौदा विकास खंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम गुरु गोविंद सिंह के साहिब जादे बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अशोक तिवारी ने वीर बाल दिवस मनाने के कारण को बताते हुए कहा कि 9 जनवरी सन 2022 को गुरु गोविंदसिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा किए थे उसी के अनुसार यह तब से हर वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री तिवारी ने बताया कि सन 1704 में आनंदपुर साहिब की लड़ाई में गुरु गोविंदसिंह का परिवार बिछड़ गया। इनके साहिबजादे नवाब वजीर के हाथ लग गए जिसने इन दोनों वीर सपूतों को धर्म बदलने के लिए लालच दिखाया, भय दिखाया,और डराया धमकाया लेकिन ये दोनों वीर बालक अपने अदम्य साहस और का परिचय देते हुए नवाब के सामने नहीं झुके। तब नवाब ने बाबा फतेहसिंह और जोरावर सिंह दोनों बालकों को जिनकी उम्र मात्र 9 और 7 साल की थी दीवार में चुनवाने का आदेश दे दिया और ये दोनों बालक देश और अपने धर्म की समर्पण के लिए शहादत हो गए। इन दोनों वीर बालकों ने इतनी छोटी उम्र में ऐसा साहस और दृढ़ता दिखाया कि आज इतिहास में मिसाल बन गए। कार्यक्रम में छ ग़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिला संयोजक वी एस परिहार ने उपस्थित बच्चों को इन वीर सपूतों की शहादत से देश प्रेम और समर्पण की भावना को आत्मसात करने की बात कही। प्रधान पाठक राजू देवांगन और घनश्याम शुक्ला ने भी इन साहिबजादे की वीरता और बलिदान को बताया। कार्यक्रम का संचालन नरेश देवांगन तथा आभार यशवंत देवांगन ने व्यक्त किया।

---

## बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सभी विषयों पर फोकस कर कराएं तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- डीईओ ने परीक्षा पे चर्चा और अपार आईडी को लेकर अशासकीय स्कूलों की ली बैठक



बैठक में स्कूल के प्राचार्य एवं प्रबंधकों को निर्देश देते जिला शिक्षा अधिकारी।

विकासखंड बम्हनीडीह के अशासकीय स्कूलों की बैठक डीईओ अशोक सिन्हा ने मंगलवार 30 दिसंबर को लायंस स्कूल चांपा के सभागार में ली । बैठक में परीक्षा पे चर्चा, अपार आई डी, बोर्ड परीक्षा परिणाम सहित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में डीईओ ने अशासकीय स्कूलों से प्राचार्य एवं प्रबंधकों से कहा कि परीक्षा पे चर्चा प्रधानमंत्री द्वारा छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ परीक्षा के तनाव और पढ़ाई की चुनौतियों पर एक वार्षिक संवाद कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य सकारात्मक दृष्टिकोण और समाधान साझा करना है। उन्होनें कहा कि हमारा जिला परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन के लक्ष्य से पीछे है आप इसे प्राथमिकता के साथ बच्चों एवं अभिभावकों से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन कराये। उन्होंने सभी से मोबाइल पर रजिस्ट्रेशन को प्रक्रिया से अवगत कराते हुए आज और कल में शत प्रतिशत परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत होगी तो सम्बंधित सीएसी से संपर्क कर समाधान कर लेंगे। समय सीमा के भीतर रजिट्रेशन करना अनिवार्य है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इसके अलावा उन्होनें सभी अशासकीय स्कूलों में बने अपार आईडी की समीक्षा की और जिन स्कूलों में ज्यादा लंबित है उनको शीघ्र जनरेट करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि बच्चों के पालकों से सम्पर्क जो त्रुटियां है उसको सुधारवा कर शीघ्र अपर आईडी बनाने के निर्देश दिए। डीईओ ने आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर भी प्राचार्यो से कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम को लेकर अभी से जूट जाए छात्रों की अच्छी तैयारी हो इसके लिए प्रयास करे। कमजोर बच्चों को चिन्हित कर उन्हें विशेष तैयारी करावें ताकि इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर आ सके । सभी विषयों पर फोकस कर तैयारी को करावें ताकि उन्हें परीक्षा के समय आसानी हो । इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर पुष्पा कोरी , बीईओ रत्ना थवाईत , बीआरसी हीरेन्द्र बेहार , परमेश्वर राठौर सहित विकासखंड के अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य एवं उनके प्रबंधक उपस्थित थे ।

---

## सम्मान समारोह के साथ जिला महिला मोर्चा का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

राहौद-कचंदा पिछड़ा वर्ग विकास संगठन के नेतृत्व में नगर पंचायत राहौद में पटेल भवन में पिछड़ा वर्ग समाज के महिला मोर्चा का गठन एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

बैठक में जिला स्तरीय महिला मोर्चा एवं पामगढ़ ब्लॉक स्तरीय महिला मोर्चा का गठन किया गया एवं पदाधिकारी नियुक्त किए गए, जिसमें जिलाध्यक्ष के रूप में खरौद निवासी श्रीमती नीलम यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती सीता साहू, महासचिव श्रीमती बहुती सहसचिव रामदुलारी साहू कोषाध्यक्ष तिलेश्वरी साहू सचिव संतोषी निर्मलकर तथा पामगढ़ ब्लॉक के पदाधिकारी के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष कु.रतना पटेल उपाध्यक्ष त्रिवेणी धीवर, सचिव राजेश्वरी कश्यप, सहसचिव मनीषा पटेल, कोषाध्यक्ष केवरा कश्यप एवं संरक्षक आशा मानिकपुरी को बनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कचंदा पिछड़ा वर्ग विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष.संतोष यादव, उपाध्यक्ष पुनीराम पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेतराम यादव, जिला अध्यक्ष दलेश्वर साहू, जिला उपाध्यक्ष अनुरूधा श्रीवास, पामगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू पटेल, संगीता यादव संरक्षक संग्राम सिंह यादव, भक्तूराम साहू, भरत कश्यप, भगेला कश्यप, लेखराम साहू, लक्ष्मीकांत पटेल, उद्यलिक साहू, विजय कश्यप, परमेश्वर कश्यप प्रदेश प्रवक्ता पूर्व शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार पटेल, लेखराम ,प्रताप दास, सोशल मीडिया प्रभारी नारायण साहू उदल कश्यप सुग्रीव यादव मनीष साहू के साथ ओबीसी समाज के नवयुवक महिलाएं एवं पिछड़ा वर्ग संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## शिवमहापुराण कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सृजन कला धर्मजागरण एवं आध्यात्मिक संस्था द्वारा आयोजित तथा "दैविक पथ" के तत्वावधान में अघोरपीठ जनसेवा अभेद आश्रम, पोड़ी दल्हा में चल रहे श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रवचन सप्ताह के पंचम दिवस का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वृंदावन से आए कथावाचक रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल महाराज ने व्यासपीठ से श्री शिवमहापुराण की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने भगवान शिव की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति, शिव–पार्वती विवाह प्रसंग, भक्तों पर शिव कृपा तथा शिवभक्ति के महत्व को सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शिवमहापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का नाश होता है तथा जीवन में सुख, शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान शिव को आशुतोष बताते हुए उन्होंने समझाया कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। पंचम दिवस की कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा पंडाल शिवमय हो उठा। श्रद्धालु "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ भावविभोर नजर आए। आयोजन समिति एवं आश्रम प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी दिवसों में भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

## धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को शासन से प्राप्त निर्देशों का पूरी प्राथमिकता से पालन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी तक होना है। उन्होंने कहा कि अब धान खरीदी के कार्य का यह अंतिम माह है इसलिए सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी पूरी सजगता से सतर्क रहकर करे। कलेक्टर ने कहा कि अंतिम समय में जितने भी किसान धान विक्रय नहीं कर पाते है। उन सभी के धान खरीदी केंद्र आने पर ज्यादा भीड़ आने की संभावना होती है। जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी तैयार रहे और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखें। कलेक्टर ने ऑनलाइन कटे टोकनों का भौतिक सत्यापन करने, छोटे किसानों का प्राथमिकता से धान खरीदी करने और रकबा समर्पण पर फोकस करते हुवे कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त ऐसे नोडल अधिकारी जो धान खरीदी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण नहीं कर रहे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कोचियों-बिचौलियों द्वारा जिले में किसी भी प्रकार से अवैध धान खपाने की कोशिश करने पर सतत निगरानी रखते हुवे त्वरित कार्रवाई करने तथा धान की किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अंतिम धान खरीदी तिथि तक पूरी प्राथमिकता से इस कार्य को करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर ने कई विभागों के इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को ऑपरेटिव कराए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और एक्टिव कराए गए डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स अंतर्गत ऐसी योजनाएं जो संचालित नहीं है कि राशि शासकीय कोष में जल्द से जल्द जमा कराने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

---



## मड़वा स्कूल में छात्र-छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण, टोनही प्रताड़ना, पोक्सोएक्ट सहित अन्य कानूनी विषय पर जानकारी दी गई। शिविर में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, सरपंच अजय सोनवानी, ईश्वर सिंह, रामलाल पाण्डेय, संतोष साहू, प्राचार्य जगमोहन पैकरा, ब्याख्याता योगेन्द्र शुक्ला, ब्याख्याता, होमेश्वर साहू, भुनेश्वर सिंह, शिक्षक श्री खमहन, बलराम साहू, तुलसी साहू, नेहा साहू उपस्थित थे।

30 JANJ-DEC PG-4_30 DEC. YADE Pg. 14.qxd 12/30/2025 11:30 PM Page 1



# हरिभूमि यादें 2025



6 अप्रैल 2025

## पूर्व विधायक सौरभ को मिली छग खनिज निगम की कमान

अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह को छग खनिज निगम अध्यक्ष के बनाया गया। अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर उनके समर्थकों द्वारा जगह-जगह अतिशबाजी, फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में चारपहिया वाहनों का काफिला उनके साथ रहा।



23 नवंबर 2025

## फर्जी आबकारी पुलिस बनकर वसूली करने वाले गैंग का पर्दाफाश

ग्राम परसदा खुर्द में फर्जी आबकारी पुलिस बनकर ग्रामीणों से डराकर अवैध वसूली करने वाले चार आरोपियों को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस की खाकी वर्दी, दो मोटरसाइकिल और 73 मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जप्त किया गया।



23 अप्रैल 2025

## कलेक्टर महोबे ने किया कार्यभार ग्रहण

जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा के स्थानांतरण होने पर 23 अप्रैल को नए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जांजगीर-चांपा जिले में पदभार ग्रहण किया।



17 मई 2025

## एसपी विजय पांडेय ने संभाली कमान

मई महीने में जिले के नए पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने 17 मई को पदभार ग्रहण किया।



29 अप्रैल 2025

## नहीं रहे सक्ती राजा सुरेंद्र बहादुर

सक्ती रियासत के राजा एवं अविभाजित मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री रहे राजा सुरेंद्र बहादुर का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उन्होंने सक्ती विधानसभा क्षेत्र से कई बार प्रतिनिधित्व किया और अविभाजित मध्य प्रदेश शासन काल में कैबिनेट मंत्री रहे।

25 नवंबर 2025

## मासूम का अपहरण, आरोपी गिरफ्तार



बिलासपुर से किराए की कार में सारंगढ़-सरसींवा जिला पहुंची महिला की 4 साल की मासूम बच्ची को लेकर कार चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही हरकत में आई जांजगीर चांपा जिले की पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

22 दिसंबर 2025



## जनादेश परब में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गिनाई साय सरकार की उपलब्धियां

राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल पूरे होने पर पुलिस लाइन में आयोजित जनादेश परब में पहुंचे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने साय सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस अवसर पर उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें सामग्री, प्रमाण-पत्र एवं सहायता राशि का वितरण भी किया।




12 अप्रैल 2025

## पीआईएल में फर्नेस ब्लास्ट, दो की मौत 11 घायल

पीआईएल चांपा में हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में कारखाना प्रबंधक एवं अधिभोगी पर कार्रवाई की गई।

19 नवंबर 2025



## महुआ शराब बनाने से तौबा कर अपनाया स्वरोजगार

कच्ची शराब बनाकर आजीविका चलाने वाले सबरिया व आदिवासी गोड़ समाज के लोगों ने शराब को त्यागकर स्वरोजगार का रास्ता चुन लिया। पामगढ़ के सद्भावना भवन में कलेक्टर जन्मेजय महोबे तथा पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से विजयश्री नाम से तैयार उत्पाद को लांच किया।

14 जनवरी 2025



## कैश कलेक्शन वेन के गार्ड को गोली मारकर 78 लाख की लूट

सरकारी शराब दुकानों से कैश कलेक्शन करते हुए जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा पहुंची कलेक्शन वेन के सुरक्षाकर्मी के पैर पर गोली मारकर अज्ञात बदमाश रुपए से भरे एक पेटी को लेकर फरार हो गए। उक्त पेटी में तकरीबन 78 लाख रुपए नगद रखे हुए थे। गोली मारकर लूट की इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस टीम हरकत में आई। आईजी भी जांच में पहुंचे। मामले में आरोपियों की पतासाजी के लिए कई टीम गठित की गई और ईनाम भी घोषित किया गया।

## ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में 5 लोगों की मौत

26 नवंबर 2025

ग्राम सुकली के पास नेशनल हाईवे-49 पर बारात से लौट रही स्कार्पियो और तेज रफ्तार ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कार्पियो सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।





5 अक्टूबर 2025

## हसदेव नदी में डूबे पांच लोग, तीन की मौत

जिले के पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में पांच लोग नहाते वक्त नदी में बह गए, जिनमें से स्वर्णरिखा ठाकुर, आशीष भोई, अंकुर कुशवाहा की मौत हो गई। वे सभी सरकंडा, दयालबंद और अशोक नगर बिलासपुर के रहने वाले थे, जो अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे।

## घटनाक्रम

**1 जनवरी**-नवागढ़ क्षेत्र में नए साल के पहले दिन युवती ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर आत्महत्या कर ली।

**3 जनवरी**-हाथकरघा विभाग में रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार।

**11 फरवरी**-नगर सरकार बनाने निकले मतदाता।

**13 फरवरी**-शिवरीनारायण के माघी मेला में चाकूबाजी एक की मौत।

**11 मार्च**-जिला अस्पताल जांजगीर में डॉक्टरों ने खोला मोर्चा।

**28 मार्च**-सक्ती में एसीबी की टीम ने दबिश देकर खाद्य विभाग के अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

**28 मार्च**-सक्ती में एसीबी की टीम ने दबिश देकर खाद्य विभाग के अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

**16 अप्रैल**-सक्ती में जिला अस्पताल भवन निर्माण के लिए स्थान विवाद, चक्काजाम।

**16 मई**-संस्कृत विद्यालयों का परीक्षा का परिणाम सामने आया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**12 जून**-पडोसी से मारपीट के मामले में जैजैपुर विधायक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध।

**12 जुलाई**-बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैंसतरा में पानी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई।

**20 अगस्त**- शिक्षकों की कमी के चलते मालखरौदा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल में बच्चों ने स्कूल में लगाया ताला।

**9 सितंबर**-आपसी रंजिश एवं पैसे के लेनदेन विवाद को लेकर सक्ती जिले के करही ग्राम के उपसरपंच की हत्या, नदी में मिला शव।

**28 अक्टूबर**-मड़वा के आसपास तेंदुआ दिखने से लोगों में दहशत।

**6 दिसंबर**-बलौदा के आरामिल में लगी आग।

**24 दिसंबर**-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में जिंदा जला युवक।




8 अक्टूबर 2025

## आरकेएम पावर प्लांट में लिफ्ट टूटकर गिरा, तीन मजदूरों की मौत

सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र के उच्चपिंडा स्थित आरकेएम पावर प्लांट में लिफ्ट टूटकर नीचे गिर गया, जिससे तीन मजदूरों की मौत हो गई। कई घायल हुए।

19 मई 2025



## जांजगीर से कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली का आगाज

कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आगाज जांजगीर चांपा जिले से किया गया। 19 मई को मेजर ध्यानचद हॉकी मैदान में संविधान बचाओ रैली में छत्तीसगढ़ प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास, टी.एस. सिंहदेव सहित अन्य दिग्गज नेता शामिल हुए।

15 फरवरी 2025



## जांजगीर, चांपा में भाजपा, अकलतरा व सक्ती में निर्दलीयों का कब्जा

नगरपालिका चुनाव में अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले की चार नगरपालिकाओं में अध्यक्ष का पद कांग्रेस से छिन गया। जांजगीर और चांपा दो पालिकाओं में भाजपा की जीत हुई है तो वहीं सक्ती और अकलतरा दो जगहों पर निर्दलीयों ने कब्जा किया।